भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.12.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3827 का उत्तर

स्टेशनों का रखरखाव

3827. श्री तालारी रंगैय्याः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि रेलवे ने कुछ प्रमुख स्टेशनों के रखरखाव और रेलों के परिचालन को आउटसोर्स किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जिन कंपनियों को काम दिया गया है, उनका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

Sk

स्टेशनों के रखरखाव के संबंध में दिनांक 11.12.2019 को लोक सभा में श्री तालारी रंगैय्या के अतारांकित प्रश्न सं. 3827 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम (आईआरएसडीसी) द्‌वारा छह (6) स्टेशनों यथा, आनंद विहार, चंडीगढ़, सिकन्दराबाद, पुणे, केएसआर बेंगलुरु और हबीबगंज (भोपाल) का एकीकृत सुविधा प्रबंधन आरंभ किया गया है। हाउसकीपिंग, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, बागवानी, सिविल और बिजली प्रबंधन, खुदरा प्रबंधन, पार्किंग आदि जैसी सुविधाओं को एकीकृत करके आउटसोर्सिंग की गई है ताकि समग्र ग्राहक अनुभव में सुधार के लिए सहायता करने के उद्देश्य से इस स्टेशन की सभी सेवाओं को संगठित किया जा सके।

रेल मंत्रालय की 100 दिन कार्य योजना के अनुसरण में कर्षण प्रभार सिद्धांत के आधार पर परिचालित करने हेतु तेजस एक्सप्रेस के दो रेक इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) को सौंपने का विनिश्चय किया गया है। तदनुसार, दो तेजस गाड़ी श्रेणियों यथा, नई दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस और अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस को आईआरसीटीसी द्‌वारा चलाए जाने के संबंध में अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। इनमें से 82501/82502 नई दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस का परिचालन 04.10.2019 से आरंभ कर दिया गया है।

****

Sk